# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
## PIN-842001 (BIHAR)
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (17.01.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:17.01.2025, PAGE-06



गुरुवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अतिथिगृह में आयोजित परिसंवाद में शामिल वीसी डॉ. डीसी राय व अन्य।

# ज्ञान महाकुंभ भारतीय संस्कृति का परिचायक : सविता सेंगर

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। शिक्षा संस्कृति एवं न्यास बिहार के तत्वावधान में गुरुवार को बीआरएबीयू के अतिथिगृह में परिसंवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा संस्कृति व उत्थान न्यास के अखिल भारतीय प्रवासी सह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय, झारखंड राय विश्वविद्यालय की कुलपति सविता सेंगर, जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके बाजपेई शामिल हुए।

पहले सत्र में उत्तर बिहार के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को न्यास की कार्यपद्धति के बारे में बताया। राय विवि की कुलपति प्रो. सविता सेंगर ने प्रयागराज में होने वाले ज्ञान महाकुंभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ज्ञान महाकुंभ भारतीय संस्कृति का परिचायक है। चार ज्ञान कुंभ के आयोजन के बाद प्रयागराज में एक महीने तक चलने वाले महाज्ञानकुंभ की शुरुआत हो चुकी है। इसमें अलग-अलग सत्रों में भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न तकनीकी बिंदुओं पर परिचर्चा की जाएगी। पांच फरवरी को हरित महाकुंभ में पर्यावरण से जुड़े मुद्दे पर चर्चा होगी। सात से नौ फरवरी तक राष्ट्रीय सम्मेलन होगा।पहले सत्र में मंच संचालन प्रांत संयोजक डॉ. दयानंद मेहता ने किया। दूसरे सत्र में उच्च शिक्षा में भारतीयता का समावेशन विषय पर परिसंवाद हुआ। इस सत्र की अध्यक्षता वीसी प्रो. डीसी राय ने की।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE : 17.01.2025, PAGE-06

# एमजेएमसी की पढ़ाई शुरू करने की मांग

मुजफ्फरपुर। बिहार विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में गुरुवार को विभागाध्यक्ष प्रो. सुधा कुमारी की अध्यक्षता में शिक्षकों की बैठक हुई। बैठक में हिंदी विभाग में फिर से एमजेएमसी की पढ़ाई शुरू करने और इसके लिए भवन निर्माण की मांग वीसी से की गई। विभागाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व कुलपति प्रो. हनुमान पांडेय ने हिंदी विभाग में एमजेएमसी की पढ़ाई शुरू करने की घोषणा की थी।

# पीजी में आवेदन की बढ़ाई जायेगी तारीख

मुजफ्फरपुर । बीआरएबीयू में पीजी में दाखिले के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाई जायेगी। दाखिले के लिए अबतक 10 हजार छात्रों ने आवेदन किये हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 20 जनवरी तक है। बीआरएबीयू प्रशासन का कहना है कि स्नातक पार्ट थर्ड के कई विद्यार्थियों को अबतक मार्क्सशीट नहीं मिली है। मार्क्सशीट नहीं मिलने से छात्र आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए आवेदन की तारीख एक हफ्ते बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।

# टीम के आवासीय प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण



मुजफ्फरपुर। तिरहुत शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय में गुरुवार को बीआरएबीयू की मेंस क्रिकेट टीम के आवासीय प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण विवि के खेल समन्वयक महेंद्र प्रसाद ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से व्यवस्था की जानकारी ली। खिलाड़ियों से एक सूत्र में बंधकर रहने को कहा। समन्वयक ने कॉलेज के शासी निकाय सदस्य व सचिव मनीष कुमार, प्राचार्य व शिविर के संयोजक डॉ. शक्तिवान सिंह व रंजन कुमार से शिविर की जानकारी ली।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 17.01.2025, PAGE-04


## महाकुंभ में प्रयागराज जाने वाले ज्ञान महाकुंभ में भी हों शामिल



ज्ञान महाकुंभ का पोस्टर प्रस्तुत करते कुलपति प्रो. डीसी राय समेत अन्य अतिथि • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: शिक्षा संस्कृति एवं न्यास विहार की ओर से गुरुवार को विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा संस्कृत के उत्थान न्यास के अखिल भारतीय प्रवासी सह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय, कुलपति सविता सेंगर, जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके वाजपेयी उपस्थित थे।

पहले सत्र में उत्तर बिहार के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। झारखंड राय विश्वविद्यालय की कुलपति सविता सेंगर ने कहा कि चार ज्ञान कुंभ के आयोजन के बाद प्रयागराज में एक महीने तक चलने वाले महाज्ञानकुंभ की शुरुआत हो चुकी है। इसमें अलग-अलग सत्रों में भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न तकनीकी बिंदुओं पर परिचर्चा होगी। पांच फरवरी को हरित महाकुंभ में पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। सात से नौ फरवरी तक राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। जय प्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके वाजपेयी ने कहा कि इसमें बिहार व झारखंड के साथ ही अन्य राज्यों से भी अधिक से अधिक भागीदारी हो। कहा कि जो महाकुंभ देखने जा रहे हैं वे इस ज्ञान महाकुंभ में भी अवश्य शामिल हों। पहले सत्र में मंच संचालन प्रांत संयोजक डा. दयानंद मेहता ने किया। दूसरे सत्र में 'उच्च शिक्षा में भारतीयता का समावेशन' विषय पर परिसंवाद का आयोजन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेशचंद्र राय ने की। इस सत्र में उत्तर बिहार से करीब तीन दर्जन विद्वतजन की भागीदारी रही। विषय विशेषज्ञों ने प्राचीन भारतीय संस्कृति पर अपने विचार रखे। इस सत्र का संचालन भारतीय भाषा मंच के राष्ट्रीय संयोजक डा. राजेश्वर कुमार ने किया। इस मौके पर प्रयागराज में होने वाले ज्ञान महाकुंभ के पोस्टर का लोकार्पण भी किया गया। बैठक में प्रो. ओपी राय, इंस्पेक्टर आफ कालेजेज प्रो. राजीव कुमार, प्रो. पंकज कुमार, प्राचार्य प्रो. ममता रानी, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. जयकांत सिंह, प्रो. अंजनी कुमार झा, प्रो. शतेंदु शेखर, डा. ललित किशोर, प्राचार्य डा. मनोज वर्मा आदि थे।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:17.01.2025, PAGE-04

# कन्या उत्थान के लिए जारी होगा अंकपत्र का सीरियल नंबर

**कन्या उत्थान योजना के लिए सत्र 2021-24 में पार्ट थर्ड उत्तीर्ण छात्राओं का रिकार्ड पोर्टल पर हो सकेगा अपलोड**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब तक अंकपत्र में सीरियल नंबर नहीं होने से कन्या उत्थान योजना के लिए आवेदन से वंचित होने वाली छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। वे अब कन्या उत्थान योजना के लिए आवेदन कर सकेंगी। सत्र 2021-24 के तहत टीडीसी पार्ट थर्ड में उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं के आनलाइन अंकपत्र पर अब सीरियल नंबर जारी किया जाएगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है। पिछले महीने टीडीसी पार्ट थर्ड का परिणाम जारी किया गया है। अब तक अंकपत्र का सीरियल नंबर जारी नहीं होने से छात्राओं का रिकार्ड अपलोड नहीं किया जा सका है। परीक्षा विभाग के स्तर से अंकपत्र का सीरियल नंबर उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की जा रही है। बताया जा रहा है कि सत्र



2021-24 में करीब 32 हजार से अधिक छात्राएं शामिल हुई थीं। परीक्षा नियंत्रक डा. सुशील पासवान ने बताया कि पिछले महीने ही टीडीसी पार्ट थर्ड का परिणाम जारी किया गया है। इसके बाद से छात्राएं लगातार विश्वविद्यालय पहुंच अंकपत्र पर सीरियल नंबर जारी किए जाने की मांग कर रही हैं। विश्वविद्यालय की कोशिश है कि कोई भी छात्रा लाभ से वंचित न हो। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की ओर से जारी निर्देश के तहत 31 जनवरी तक छात्राओं का रिकार्ड कन्या उत्थान पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। इसके लिए विश्वविद्यालय के स्तर से लगातार छूटे हुए आवेदनों को अपलोड किया जा रहा है। फिलहाल तीन सत्रों 2018-21, 2019-22, 2020-23 में उत्तीर्ण छात्राओं का डाटा पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

### एमजेएमसी के नए भवन बनाए जाने की मांग

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: विश्वविद्यालय पीजी हिंदी विभाग में मास्टर इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (एमजेएमसी) कोर्स और इसके भवन निर्माण की मांग की गई है। पीजी हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सुधा कुमारी ने कुलपति प्रो. डीसी राय को ज्ञापन सौंपा है। 23 अक्टूबर 2021 को हिंदी विभाग में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में तत्कालीन कुलपति प्रो. हनुमान प्रसाद पांडेय ने एमजेएमसी शुरू करने और अलग भवन निर्माण की घोषणा की थी।

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 17.01.2025, PAGE-04

# प्रयागराज में ज्ञान महाकुंभ, पोस्टर लोकार्पित

- शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से विवि के अतिथि गृह मे परिसंवाद का आयोजन

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**



शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की बैठक मे वीसी प्रो डीसी राय व अन्य अतिथि.

शिक्षा संस्कृति एवं न्यास बिहार के तत्त्वावधान में बीआरएबीयू के अतिथिगृह में परिसंवाद हुआ. कार्यक्रम में शिक्षा संस्कृत के उत्थान न्यास के अखिल भारतीय प्रवासी सह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय, झारखंड राय विवि की कुलपति सविता सेंगर, जय प्रकाश विवि के कुलपति प्रो पीके बाजपेई शामिल हुए. पहले सत्र में उत्तर बिहार के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. इसमें राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को न्यास की कार्यपद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी. राय विवि की कुलपति प्रो सविता सेंगर ने प्रयागराज में होने वाले ज्ञान महाकुंभ के बारे में जानकारी दी. पहले सत्र में मंच संचालन प्रांत संयोजक डॉ दयानंद मेहता ने किया. दूसरे सत्र में उच्च शिक्षा में भारतीयता का समावेशन विषय पर परिसंवाद हुआ. इस सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो दिनेशचंद्र राय ने की. करीब तीन दर्जन से अधिक विद्वतजनों की भागीदारी रही. विषय विशेषज्ञों ने प्राचीन भारतीय संस्कृति पर विचार रखे. सत्र संचालन भारतीय भाषा मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजेश्वर ने किया. मौके पर प्रयागराज में होने वाले ज्ञान महाकुंभ के पोस्टर का लोकार्पण भी किया गया. बैठक में प्रो ओपी राय, कॉलेज निरीक्षक प्रो राजीव, प्रो पंकज, प्राचार्य प्रो ममता रानी, प्रो प्रमोद, प्रो जयकांत सिंह, प्रो अंजनी झा, प्रो शतेंदु शेखर, डॉ ललित किशोर, प्राचार्य डॉ मनोज वर्मा, प्रो सत्यनारायण गुप्ता समेत तीन दर्जन प्राचार्य समेत कई शिक्षाविद उपस्थित थे.

### महाकुंभ में जाएं तो ज्ञान महाकुंभ में भी हों शामिल

प्रेसवार्ता मे वीसी सविता सेंगर ने कहा कि चार ज्ञान कुंभ के आयोजन के बाद प्रयागराज में एक महीने तक चलने वाला महाज्ञानकुंभ की शुरुआत हो चुकी है. इसमें अलग-अलग सत्रों में भारतीय ज्ञान परंपरा व राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न तकनीकी बिंदुओं पर परिचर्चा की जायेगी. पांच फरवरी को हरित महाकुंभ में पर्यावरण से जुड़े मुद्दे पर चर्चा होगी. सात से नौ फरवरी तक राष्ट्रीय सम्मेलन होगा. इसमें निजी शिक्षण संस्थानों की शिक्षा में भूमिका विषय पर बात होगी. इसमें निजी स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी शामिल होंगे. जय प्रकाश विवि के कुलपति प्रो पीके बाजपेई ने कहा कि यह ज्ञान महाकुंभ भारतीय ज्ञान परंपरा के सांस्कृतिक मूल्यों को शिक्षा में समाहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है. इसमें बिहार, झारखंड के साथ ही अन्य राज्यों से भी अधिक से अधिक भागीदारी हो. इस उद्देश्य से यह बैठक की गयी. उन्होंने कहा कि जो महाकुंभ देखने जा रहे हों, वे इस ज्ञान महाकुंभ में भी अवश्य शामिल हों.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 17.01.2025, PAGE-04


## विवि क्रिकेट टीम की ट्रेनिंग रही जारी



**मुजफ्फरपुर.** तिरहुत शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय को बीआरएबीयू द्वारा दिया जा रहा पांच दिवसीय विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम मेंस टीम का आवासीय प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन भी तिरहुत शारीरिक शिक्षण कॉलेज झपहां में जा रहा. यह टीम त्रिभुवन विवि मैदान,काठमांडू (नेपाल) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अंतरविवि जय नेपाल टी -20 मेंस कप प्रतियोगिता में भाग लेंगे. विवि समन्वयक महेन्द्र प्रसाद द्वारा आवासन, भोजन व क्रिकेट अभ्यास का निरीक्षण कर प्रत्येक खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से मिल रहे हैं.शासी निकाय सदस्य व सचिव मनीष कुमार, प्राचार्य व शिविर संयोजक डॉ शक्तिवान सिंह व कोच व सहायक प्राध्यापक रंजन कुमार से भी शिविर की जानकारी ली.

## एमजेएमसी के भवन का कुलपति को भेजा प्रस्ताव

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के पीजी हिंदी विभाग में मास्टर इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन कोर्स के लिए भवन निर्माण को लेकर कुलपति को प्रस्ताव भेजा है. विभागाध्यक्ष प्रो सुधा ने पत्र भेजा है.अनुरोध किया गया है कि कोर्स की स्वीकृति पूर्व में दी जा चुकी है. गुरुवार को बैठक हिंदी विभाग की अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई. विभागाध्यक्ष ने वीसी से मिलकर पत्रकारिता में पीजी कोर्स शुरू करने व नये विभाग के लिए भवन निर्माण कराने का अनुरोध किया.


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 17.01.2025, PAGE-04


## कन्या उत्थान के लिए ऑनलाइन अंकपत्र पर जारी होगा सीरियल नंबर

**सुविधा**

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- सीरियल नंबर बगैर कन्या उत्थान के लिए नहीं हो रही प्रक्रिया
- 31 तक विस्तारित की गयी है डेटा अपलोड करने की तिथि
- 40 हजार से अधिक छात्राएं 2021-24 में हुई हैं उत्तीर्ण
- बाद में कॉलेजों को भेजी जायेगी अंकपत्र की हार्डकॉपी

बीआरएबीयू सत्र 2021-24 में स्नातक उत्तीर्ण करने वाली छात्राएं भी कन्या उत्थान योजना का लाभ ले पायेंगी. पिछले ही महीने इसका रिजल्ट विवि ने जारी किया है, लेकिन ऑनलाइन दिख रहे उनके अंकपत्र में सीरियल नंबर ही नहीं है. इस कारण छात्राओं का डेटा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सका है. सरकार की ओर से कहा गया है कि दिसंबर 2024 तक जिन परीक्षाओं का रिजल्ट आ गया है, उनका डेटा 31 जनवरी तक हर हाल में पोर्टल पर अपलोड करते हुए उसका विवि स्तर से सत्यापन करना है. वर्तमान में सत्र 2018-21, 2019-22 और 2020-23 में उत्तीर्ण हुई छात्राओं का डेटा अपलोड कर उनका सत्यापन किया जा रहा है. सत्र 2021-24 में करीब 85 हजार छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं. इनमें से छात्राओं की संख्या 40 हजार से अधिक है. ऐसे में अंकपत्र का सीरियल नंबर नहीं होने के कारण ये छात्राएं कन्या उत्थान के लिए वर्तमान में आवेदन से वंचित हो सकती हैं. इसको देखते हुए विवि ने निर्णय लिया है कि ऑनलाइन अंकपत्र पर ही उन्हें सीरियल नंबर आवंटित कर दिया जाये.इसके बाद कॉलेज में अंकपत्र की हार्डकॉपी भेजी जायेगी. उसपर वही सीरियल नंबर दर्ज रहेगा. इससे छात्राओं का डेटा पोर्टल पर अपडेट हो सकेगा. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि कन्या उत्थान योजना के लिए तिथि आगे बढ़ायी गयी है. ऐसे में इस सत्र की छात्राएं भी योजना का लाभ ले सकें. इसको लेकर ऑनलाइन अंकपत्र पर ही सीरियल नंबर जारी करने का निर्णय लिया गया है. एक से दो दिनों के भीतर पोर्टल पर अंकपत्र में सीरियल नंबर दिखने लगेगा. सीरियल नंबर नहीं होने के कारण प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में छात्राएं विवि पहुंचकर पोर्टल पर नाम नहीं होने की शिकायत लेकर पहुंच रही हैं. बताया जा रहा है कि सीरियल नंबर आने के बाद ही पोर्टल पर नाम जुड़ेगा.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर स्कैन करें.